हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 16 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान 12





मुड़पार में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 12




## खबर संक्षेप



### शराब पीने की सुविधा देने वाले दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने शराब पीने की सुविधा देने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने रेलवे फाटक के पास रोड किनारे ग्राम घोयनाबाहरा कोमाखान से रामदास चेलक पिता कुधुर चेलक (53 साल) ग्राम खैरटखुर्द थाना कोमाखान और कोमाखान से कुलिया रोड किनारे पुल के पास से धनेश यादव पिता तिजउराम यादव (27 साल) घोयनाबाहरा को लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराते हुए पकड़ा गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## धान खरीदी: जिले में धान खरीदी शुरू, किसानों का किया गया स्वागत

# अन्नदाताओं की सुविधाओं का रखा जाएगा पूरा ख्याल: मंत्री खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान खरीदी के पहले दिन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने जिले के झालखम्हरिया धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ किया। गांव के कृषक दुर्गेश साहू के 40 क्विंटल धान की तुलाई कर खरीदी प्रक्रिया की शुरुआत की गई। इसके पहले मंत्री खुशवंत धान खरीदी केंद्र पहुंचे और कांटा-बांट की पूजा एवं माल्यार्पण किया। साथ ही किसानों का पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलाल तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं विधायक बसना संपत अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि आज किसानों के लिए उत्सव का दिन है। हमारा राज्य किसानों से ही समृद्ध है। यहां तक कि अयोध्या में राम लला के लिए भोग यही ⏭ शेष पेज 10 पर

### किसानों को नहीं होगी परेशानी : कलेक्टर



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले में 130 समिति के 182 उपार्जन केंद्रों में खरीदी की जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। आज 34 समितियों में 50 किसानों का टोकन कट गया है। शाम 5 बजे तक टोकन काट सकते है और धान खरीदी की जा सकती है। यहां जिले में 16 चेक पोस्ट स्थापित किए गए है। अभी तक 23 प्रकरण दर्ज किए गए है। ⏭ शेष पेज 10 पर

## कुड़ेकेल नाला जर्जर, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# चक्काजाम कर जताया विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

कुड़ेकेल नाला की जर्जर हालक से परेशान ग्रामीणों ने आंदोलन की राह थामी और शनिवार सुबह 9 बजे से ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-53 पर चक्का जाम कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाज़ी करते हुए मीडिया माध्यमों से बताया कि पिछले तीन वर्षों से कुड़ेकेल नाला पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण लगातार हादसे, आवागमन में बाधा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बसना से मात्र 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित यह नाला मोटरसाइकिल से लेकर चार पहिया वाहनों तक सभी के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। यहां तक कि सरकारी राशन गाड़ियां— चावल, शक्कर, नमक जैसी आवश्यक वस्तुएं लेकर आने वाली ट्रकें भी दो बार नाले में फंस चुकी हैं। कुछ दिन पहले एक कार के पलटने की घटना ने लोगों में और नाराजगी बढ़ा दी। ग्रामवासियों का कहना है कि 108 एंबुलेंस, 102, महतारी एक्सप्रेस, अग्निशमन वाहन सहित कोई भी चार पहिया वाहन यहां से बिना जोखिम के नहीं गुजर पाते। मजबूरी में स्कूली बच्चों को रोज 5 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर सिरको, बंसुला के मार्ग से स्कूल व कॉलेज जाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बसना विधानसभा में तीन विधायक और एक सांसद होने के बावजूद यह समस्या जस की तस है। इस बार विधानसभा चुनाव में ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार तक कर दिया था। बाद में नवनिर्वाचित ⏭ शेष पेज 10 पर

## भाजपा जिला पदाधिकारियों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार विपिन उपवेजा उपाध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर उपाध्यक्ष, कृष्णकुमार साहू उपाध्यक्ष, सतपाल सिंह पाली उपाध्यक्ष, हरप्रसाद पटेल उपाध्यक्ष, जान्हवी साहू उपाध्यक्ष, थानसिंह दीवान महामंत्री, जितेंद्र त्रिपाठी महामंत्री, हेमंत तिवारी मंत्री, मनीष बंसल मंत्री, कुमारी भास्कर मंत्री, सीता सतपथी मंत्री, कल्पना सिन्हा मंत्री, सुशील कांति पटेल मंत्री, राहुल चंद्राकर कोषाध्यक्ष, प्रीतराम सूर्ये सह-कोषाध्यक्ष, स्वप्निल तिवारी प्रवक्ता, प्रदीप साहू प्रवक्ता, नारेंद्र गिरी कार्यालय मंत्री, राजू यादव सह-कार्यालय मंत्री, नवीन साव मीडिया प्रभारी, आनंद साहू मीडिया सह-प्रभारी, हनी गंभीर सोशल मीडिया प्रभारी, नरेश नायक आईटी सेल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

# लापरवाही बरतने पर 7 वालिंटियर्स को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में लापरवाही बरतने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

इस संबंध में विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन के आधार पर पिथौरा के तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ऐसे 7 वालिंटियर मनोहर साहू प्रधान पाठक, विनोद कुमार मालिक, फूलसिंह बरिहा, निर्मल कुमार पटेल, किशोर पटेल, कुलेश्वर पंडा एवं राजकुमार तिर्की जो वालिंटियर नियुक्त किए गए थे, इन कर्मचारियों पर सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन के आधार पर कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है एवं अपना स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए हैं।

तहसीलदार पिथौरा द्वारा उक्त कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 (एसआईआर) की घोषणा की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तहसील पिथौरा के अंतर्गत विधानसभा 40 बसना एवं विधानसभा 41 खल्लारी के सभी मतदान केंद्रों के एन्युमरेशन फार्म वितरण, एकत्रीकरण एवं बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटलीकरण हेतु इनकी नियुक्ति वालेंटियर्स के रूप में की गई है।

जिसमें निर्वाचन (एसआईआर) जैसे महत्वपूर्ण कार्य में इनकी अनुपस्थिति पाई गई। इनके द्वारा किया गया कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-03 के विपरीत है। इस संबंध में इन लोगों को स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करना होगा। जवाब प्राप्त न होने अथवा संतोषप्रद न होने पर एक पक्षीय कार्रवाई किए जाने के लिए प्रतिवेदन उच्चाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।







## खबर संक्षेप



### कृष्ण- सुदामा की निःस्वार्थ मित्रता

**महासमुंद।** आमासिवनी में साहू परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की लीला का रसपान कराया। सुदामा चरित्र भगवान कृष्ण और उनके प्रिय मित्र सुदामा की निःस्वार्थ मित्रता, संतोष और सच्ची भक्ति का अद्भुत और मार्मिक प्रसंग है।

### धान खरीदी कार्य के लिए कलेक्टर ने लगाया एस्मा

**महासमुंद।** धान खरीदी कार्य को अत्यावश्यक मानते हुए कलेक्टर महासमुंद ने एस्मा लगा दिया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोक हित में यह आवश्यक तथा समीचीन है। कलेक्टर विनय लंगेह ने जिले में धान खरीदी में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम के अंतर्गत पालन के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अधिनियम का कड़ाई से पालन के निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



# धान खरीदी पर संकट: कलेक्टर की वैकल्पिक व्यवस्था फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

धान खरीदी प्रक्रिया की पहले ही दिन से संकट में घिर गई है। क्षेत्र के झलप, बावनकेरा, बनपचरी, सरकेल, पटेवा, सरायपाली, नरतोरा, ढांक, डुमरपाली सहित अधिकांश केंद्रों में पहले दिन धान खरीदी का खाता भी नहीं खुल





पाया। समितियों के गेट बंद रहे और किसान मायूस होकर लौटते रहे। केंद्रों पर तो बिजली की व्यवस्था के लिए अस्थाई कनेक्शन के आवेदन भी नहीं किया गया है, लेवलिंग, बारदाना, फड़ व्यवस्था, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, कच्चे–पक्के मार्गों की मरम्मत जैसे बुनियादी इंतज़ाम नदारद रहे।

### टोकन वितरण तक शुरू नहीं, किसान असमंजस में

धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया का प्रारंभिक चरण टोकन कटना होता है, लेकिन जिले के अधिकतर केंद्रों में टोकन वितरण ही शुरू नहीं किया गया। किसानों को न समय की जानकारी है, न तारीख की, न यह पता है कि खरीदी कब संभव होगी। एक किसान की प्रतिक्रिया कि हम तीन बार केंद्र गए, लेकिन हर बार सिर्फ बंद गेट और ताला मिला। अब घर में रखा धान भीगने का डर है और मंडी कब खुलेगी इसकी कोई खबर नहीं। सहकारी समितियों के लगभग 15,000 कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर समेत जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था तैयार की थी। प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटर, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अन्य विभागों के कर्मचारियों की अस्थायी नियुक्ति की व्यवस्था फेल नजर आई।

# सरला ने मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर की धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

प्राथमिक सहकारी समिति भोथलडीह में धान खरीदी सीजन का विधिवत शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य तथा भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सरला कोसरिया ने माँ लक्ष्मी की पूजा कर खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन एवं समिति पदाधिकारी उपस्थित थे। पूजा-अर्चना के उपरांत सरला कोसरिया ने कहा कि प्रदेश को धान कटोरा की पहचान दिलाने वाले किसानों का परिश्रम अतुलनीय है। उन्होंने प्रदेश के सभी किसानों के सुख, समृद्धि और उत्तम फसल की कामना की। खरीदी प्रारंभ होते ही किसानों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

सरला कोसरिया ने आगे कहा कि वर्तमान सरकार किसानों की समृद्धि और सम्मान के



लिए प्रतिबद्ध है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान उपार्जन तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है, जो किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इसे किसानों की मेहनत का सम्मान बताया। समिति प्रबंधक और अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित किया जाएगा। किसानों की सुविधा, समय पर तौल एवं अनियमितताओं की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

पूजा-अर्चना के तुरंत बाद धान की आवक शुरू हो गई और किसानों ने धान जमा करना प्रारंभ किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण रहा तथा ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया। इसी क्रम में नवीन कृषि उपज मंडी सरायपाली तथा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कनकेबा और ठूठापाली में भी धान खरीदी सीजन का शुभारंभ किया गया। इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपावेजा, बेलमुंडी सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप साहू, भोथलडीह सोसायटी अध्यक्ष रमेश नायक, सरायपाली सोसायटी अध्यक्ष अनंतराम पटेल, कनकेबा सोसायटी अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, ठूठापाली सोसायटी अध्यक्ष नरेश तिवारी, छुईपाली मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, अर्जुन प्रधान, जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक अमृत जगत, सहकारी विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रविंद्र नायक, जप्पी मांझी, नेहरू चौधरी, विश्वनाथ नायक सहित किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने पटेवा और बनपचरी में धान खरीदी केंद्रों में किया शुभारंभ



**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने पटेवा और बनपचरी धान खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और फल फोड़कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ चोपड़ा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि थोड़ा सा जो है, कह सकते हैं कि हड़ताल के कारण कुछ कठिनाइयां आ रही हैं, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार इसको दूर करने का पूरा प्रयास कर रही है और शीघ्र ही धान खरीदी द्रुत गति से चालू होगी। अभी यह प्रारंभ है। डॉ चोपड़ा ने यह भी बताया कि आज धान की आवक कम रही, जिसका मुख्य कारण है कि अभी सारे किसान धान कटाई में व्यस्त हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि एक-दो दिनों में यह गति पकड़ेगा और सारी कठिनाइयां दूर होंगी। इस शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र के किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही धान खरीदी अपने पूर्ण वेग से शुरू होगी और उन्हें अपनी उपज बेचने में आसानी होगी। इस दौरान पटेवा सोसाइटी अध्यक्ष रामेश्वरी पैकरा, लक्ष्मण पटेल, भाजपा नेता रविशंकर पैकरा, धीरेंद गिरी, नीतीश गजेंद्र, सुखराम ध्रुव, हेतराम ध्रुव, रामसिंह सिन्हा, सोसाइटी प्रभारी कुमारी निलिमा और बनपचरी सोसायटी अध्यक्ष टीकाराम पटेल, सुनील पटेल, खुगेश्वर पटेल, रामेश्वर पटेल, श्याम कुमार पटेल, हीरालाल पटेल, भुवन साहू, टेकलाल पटेल, देवनारायण साहू, तीरथराम दीवान, पप्पू पटेल सहित अन्य कृषक गण मौजूद थे।

## डांस को लेकर विवाद, परिवार के लोगों के बीच मारपीट, अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम जगदीशपुर में डांस को लेकर हुए विवाद में परिवार के सदस्यों के बीच मारपीट के मामले में बसना थाने में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज किया गया है। बसना थाने में एफआईआर में पंकजनी सिंह पति निशिथ सिंह ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम जगदीशपुर में रहती है। स्कूल में डांस प्रोग्राम होने के चलते 14 नवंबर की शाम करीबन 04 बजे वह अपने घर में बच्चों को मोबाईल में गाना चलाकर डांस सिखा रही थी। तभी उसके ससुर जेशुचंद सिंह के द्वारा गांव के उत्तम साहू को हम लोगो के पास भेजकर डांस करने के लिये मना करवाया गया। इस पर उसकी बेटी सृष्टि सिंह ने कल स्कूल में डांस का प्रोग्राम है, जिसकी तैयारी हमें करनी है कहा। इसके बाद प्रार्थिया की सास मधुलिका सिंह, ससुर जेशुचंद सिंह एवं डेढ सास निमशी सिंह एकराय होकर आये और गाली गलौज उसकी सास द्वारा ईंट से फेंककर मारा गया, वहीं ससुर द्वारा हाथ को मरोड दिये तथा डेढ़ सास ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करते देख प्रार्थिया की पुत्री सृष्टि सिंह व वृष्टि सिंह द्वारा बीच बचाव किया गया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष की मधुलिका सिंह पति जेशुचंद सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि 14 नवंबर की शाम करीबन 04 बजे वह अपने घर में थी। उसी समय पंकजनी सिंह अपने बच्चों एवं अन्य बच्चों के साथ साउंड बाक्स में ऊंची आवाज में गाना चलाकर डांस सिखा रही थी। तब उसने गांव के उत्तम साहू को बुलाकर ऊंची आवाज में गाना चलाने से मना करने भेजा। जिसे पंकजनी द्वारा मुझे एवं मेरे पति व बेटी को गाली गलौच करते हुये हाथ व डंडा से मारपीट की। कुछ देर बाद वह अपने पति और बेटी के साथ दूसरे मोहल्ले में गये थे, उसी समय प्रार्थिया का बेटा निशित सिंह आया और गाली गलौच करते हुये प्रार्थिया और उसके पति व बेटी के साथ हाथ मुक्का व डण्डे से मारपीट किया। मारपीट करने से उसके बांये पैर, दाहिने हाथ व चेहरा में चोट लगी है। इसके अलावा उसके पति व बेटी को भी चोट लगी है। दोनों ही मामलों में बसना थाने में अलग-अलग रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### सहायक संचालक ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** सहायक संचालक शिक्षा एनके सिन्हा ने प्राथमिक शाला मुड़मार एवं हाईस्कूल उमरदा का औचक निरीक्षण किया। सिन्हा ने उमरदा स्कूल में बच्चों से प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब बच्चों ने दिया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता के साथ दिए जाने का निर्देश दिए। साथ ही शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी तरह हाईस्कूल उमरदा के निरीक्षण में बच्चों को ब्लू प्रिंट की जानकारी दी गई। साथ ही समय सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण करने का निर्देश दिए।

## गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी पर राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी को समर्पित प्रदेश स्तर पर जिला स्तरीय अंतरविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु तेग बहादुर के जीवन, त्याग, बलिदान एवं मानवता के उच्च आदर्शों के प्रति जानकारी देना है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित होगी। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। निबंध प्रतियोगिता का विषय हिंद की चादरः गुरु तेग बहादुर है। जिसमें प्रतिभागियों को निबंध न्यूनतम 350 शब्द तथा अधिकतम 500 शब्द में लिखना होगा। प्रत्येक जिले में विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता जिसमें सभी पंजीकृत विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे, राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर पुरस्कार प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपए के साथ ही सभी प्रतिभागियों को राज्य अल्पसंख्यक आयोग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा।

## वेडनर स्कूल ने आत्मानंद इंग्लिश स्कूल को किया परास्त

**महासमुंद।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-1 के 15 नवंबर के प्रथम मैच में स्वामी आत्मानंद स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। वेडनर मेमोरियल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 154 रन बनाए। वेडनर स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए आवेश अली ने सर्वाधिक 78 रन एवं जितिन कश्यप ने 20 रनों का योगदान दिया। स्वामी आत्मानंद स्कूल की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सैयम यादव ने 1 विकेट लिए। जवाब में 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आत्मानंद स्कूल की टीम ने 140 रन बनाए। आत्मानंद स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में भूपेश बघेल ने 80 रन का योगदान दिया। वेडनर स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में प्रिंस मोहंती ने 2 विकेट लिए। वेडनर स्कूल ने 14 रनों से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच आवेश अली रहे। प्रतियोगिता के आज खेले गए दूसरे मैच में हॉली फेथ स्कूल ने शिशु संस्कार स्कूल को 13 रनों से हराया। तीसरे मैच में वेडनर स्कूल ने हॉली फेथ स्कूल को 73 रनो से हराया। चौथे मैच में स्वामी आत्मानंद स्कूल ने शिशु संस्कार स्कूल को 6 विकेट परास्त किया। आज खेले गए सभी मैच में खिलाड़ियों का उत्साह देखने को मिला खिलाड़ियों ने इस स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता की खूब तारीफ की और कहा की ऐसी प्रतियोगिता हमें पहली बार खेलने को मिल रही है। जिसमें हमें अपने स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हो रहा है और खिलाड़ियों ने कहा कि यह प्रतियोगिता हर साल आयोजित होनी चाहिए।



## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भागवत कथा का हवन एवं भंडारा कार्यक्रम हुआ





**महासमुंद।** विगत 7 नवंबर से 14 नवंबर 2025 तक 8 दिन चले भागवत महापुराण कथा का समापन अंतिम दिन की कथा तुलसी वर्षा का सनातन धर्म में महत्व एवं उपयोगिता वैष्णवाचार्य सुरेंद्र दास ने उपस्थितभक्तों को बताई। विधिवत 8 दिन तक चले धार्मिक अनुष्ठान में आयोजक गुप्ता परिवार एवं शिव शक्ति महिला मंडल सहित कथा श्रवण कर रहे सभी श्रद्धालुओं ने सहस्त्रधारा एवं पूर्णाहुति विधि को कथावाचक सुरेंद्र दास के अनुसार एवं उनके साथ आए 3 अन्य पुरोहितों आचार्य नितेश, पंडित कुलेश्वर महाराज एवं आचार्य शैलेंद्र के साथ विधिवत अंतिम दिवस में यजमान बने अनिरुद्ध गुप्ता एवं कविता गुप्ता के साथ उपस्थित सभी नगरवासियों की उपस्थिति में भागवत कथा का हवन पूजन कराते हुए समापन किया। हवन पूजा अनुष्ठान के बाद शिव शक्ति महिला मंडल वार्ड नंबर 16 की बहनों के संगठन की तरफ से भंडारा का आयोजन किया गया। इस बीच नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवी चंद राठी एवं बीजेपी के शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का ने पहुंचकर वैष्णवाचार्य का स्वागत अभिनंदन किया एवं प्रसादी प्राप्त की। कथा में बड़ी संख्या में माताओं, बहनों एवं नागरिकों ने पहुंचकर वैष्णवाचार्य से आशीर्वाद लिया एवं भागवत कथा के अंतिम दिन कथा श्रवण करते हुए पुण्य लाभ लिया।

### बाल दिवस पर छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर शासकीय उमावि बिरकोनी में प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों के सहयोग से 650 छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। सरपंच चंदन चंद्राकर, बलराम पटेल द्वारा बच्चों को केला, मिठाई एवं पेन वितरण किया गया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैया लाल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, रामप्रसाद मोहंती, तारामती साहू, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अधिक मजदूरी दिलाने के नाम पर पलायन, मजदूर दलाल के खिलाफ श्रम अधिकारी ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

श्रमिकों को अधिक मजदूरी दिलाने के नाम पर पलायन कराने के मामले में श्रम अधिकारी की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में एक मजदूर दलाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पटेवा थाने में उप निरीक्षक श्रम पदाधिकारी कार्यालय महासमुंद बेलारसन बघेल ने आवेदन देकर पुलिस को बताया कि 3 नवंबर को श्रम पदाधिकारी जिला महासमुंद के द्वारा अनुज्ञाति बगैर पलायन पंजी में एंट्री बगैर श्रमिकों को ले जाने वाले लेबर ठेकेदारों/ दलालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने बाबत टीम गठित की गई है। जिसमें उसके हमराह दानेश्वर साहू श्रम कल्याण निरीक्षक, राकेश प्रधान सहायक ग्रेड 3, मुकेश साहू सहायक ग्रेड 3, हिमालय चंद्राकर लेखापाल (बीओसी) को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया हैं।

इसी दौरान 14 नवंबर को सूचना मिली कि ग्राम भिथीडीह थाना पिथौरा के मनहरण यादव के द्वारा कुछ मजदूरों को मजदूरी का अधिक रकम दिलाने के नाम से लालच देकर महाराष्ट्र के ईंटभट्ठा में काम करने हेतु पलायन कराया जा रहा है। इस सूचना पर प्रार्थी अपनी टीम के साथ ग्राम पटेवा के पास पहुंचा, जहां पर कुछ मजदूर अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र ईंट भट्ठा जाने हेतु बस में सवार थे। नाम पता पूछने पर मजदूरों ने अपने नाम गनेश निषाद, शोभित राम, सुखवारी बिंझवार, पवित्रा बिझवार, दुर्गेश्वरी निषाद निवासी ग्राम गोपालपुर थाना व तह पिथौरा जिला – महासमुंद होना बताए। साथ ही बताया कि मनहरण यादव एडवांस रकम देकर अधिक मजदूरी की रकम दिलाने के नाम पर महाराष्ट्र के ईंट भट्ठा में काम कराने ले जा रहा था। श्रम पदाधिकारी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर पटेवा थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 143 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 09 का शेष

### किसानों की सुविधा...

छत्तीसगढ़ से चांवल भेजा गया था। आज से धान खरीदी की शुरुवात हो गई है। पिछले साल भी रिकॉर्ड धान खरीदी किया गया था, इस साल भी रिकॉर्ड धान खरीद की जाएगी।

बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप धान खरीदी कि जा रही है। लक्ष्य के अनुरूप खरीदी की जा रही है। सुचारू रूप से धान खरीदी जा रही है। किसानों को किसी तरह परेशानी नहीं होगी। इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यहां के किसानों का लाभ हो, यह सुनिश्चित हो। अवैध धान की खरीदी बिक्री में नजर रखे और प्रशासन का सहयोग करें। विधायक राजू सिन्हा ने कहा कि इस जिले में पूरे राज्य में सबसे अधिक धान खरीदी की जाती है।

### किसानों को नहीं...

जिसमें 3000 किवंटल अवैध धान जब्त की गई है। धान खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा, पारदर्शिता और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। प्रशासनिक अमले एवं समिति के कर्मचारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर किसान को समय पर, व्यवस्थित और बिना किसी परेशानी के धान बेचने की सुविधा मिले। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, संदीप दीवान, पीयूष साहू, प्रकाश शर्मा, राहुल चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, संदीप घोष, सरपंच अनेश्वरी चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष श्याम साकरकर, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता सहित आसपास के किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### चक्काजाम कर ...

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के आश्वासन दिया कि जीत के छह महीने के भीतर पुल निर्माण की बात पर भरोसा जताया और पूर्ण बहुमत से समर्थन दिया। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, चुनाव के बाद दो वर्ष बीतने के बावजूद न तो सर्वे हुआ, न ही निर्माण प्रक्रिया शुरू हुई। इससे आक्रोशित होकर जमड़ी, कुड़ेकेल, अरेकेल, सिरको, पोटापारा, सरायपाली, बिछिया, मेदनीपुर, टाडा समेत लगभग 35,00 ग्रामीण हाईवे पर उतर आए और धरना-प्रदर्शन नारेबाजी की। ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूल की बच्चों ने भी धरना स्थल रोड़ पर बैठे रहे, ग्रामीणों का कहना है कि वे पहले भी कई बार आवेदन देकर अपनी समस्या रख चुके हैं। आवेदन की प्रतियां बसना एसडीएम, स्थानीय विधायक, महासमुंद कलेक्टर तक पहुंचाई जा चुकी हैं, लेकिन किसी भी स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द पुल निर्माण और हाईवे मरम्मत की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

चक्का जाम के दौरान प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हुए बसना नायब तहसीसीलदार प्रकृति सिंह मौके पर पहुंचीं और ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 10 दिनों के भीतर कुड़ेकेल नाला पुल निर्माण संबंधित टेंडर जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा। अगर निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन होने से उसे टेंडर को निरस्त कर ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। नायब तहसीलदार के इस भरोसे के बाद ग्रामीण थोड़े आश्वस्त हुए और उन्होंने चक्का जाम समाप्त करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का चक्का जाम सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक लगभग 4 घंटे तक चला, जिसके बाद हाईवे पर यातायात बहाल हो सका।



## अंतरराज्जीय सीमा जांच चौकी नर्रा और खट्टी बेरियर में कर्मचारी तैनात

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की शुरूआत हो गई है। इसी के चलते अंतर्राज्जीय सीमा जांच चौकी नर्रा और खट्टी में अवैध धान की तस्करी को रोकने तथा धान की कालाबाजारी अवैध पर अंकुश लगाने के लिए बैरियर लगाकर निगरानी की जा रही है। प्रशासन द्वारा पड़ोसी राज्य ओडिशा से आने वाले अवैध धान पर नजर रखी जा रही है।



## नवंबर माह में ही आम पेड़ में आने लगे बौर

**नर्रा।** ग्राम झिटकी में नवंबर माह में ही आम के पेड़ पर बौर लगना शुरू गया है। ग्रामीणों ने बताया कि साल में एक बार ही मौर आने के बाद ही आम फलता है। किंतु, सभी जानते है कि आम फल साल में ही एक बार ही फलता है। कुछ आम फाल्गुन माह में मौर आने के बाद फल लगना शुरू होता है। यह आम का पेड़ जो बौर आने का खासियत यह है, जिस साल कम बारिश होने पर अक्टूबर अथवा नवंबर माह के बीच मौर आना शुरू हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि बौर आने के समय पर कही बारिश हवा तूफान से मौर झड़ जाने से फिर मौर आने लगते हैं।



## बिरकोनी कन्या शाला में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता मेला का आयोजन

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में 14 नवंबर बाल दिसव पर एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती पर छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर मनाया गया। इसके बाद एफएलएन मेला की शुरूआत की गई। मेला में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा गणित हिंदी एवं अंग्रेजी विषय पर विभिन्न गतिविधियों के लिए स्टॉल लगाया गया। जिसमें सबसे पहले बच्चों द्वारा स्टॉल में जाकर पंजीयन कर विभिन्न गतिविधियों को स्वयं से सीखा। सभी बच्चों उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



## विद्यार्थियों को निःशुल्क दृष्टिदोष सुधार चश्मा वितरित

**पिथौरा।** बारनवापारा क्षेत्र के स्कूली विद्यार्थियों को निःशुल्क दृष्टिदोष सुधार चश्मा वितरित किया गया। यह चश्मा उन बच्चों को प्रदान किया गया, जिनकी आंखों में समस्या पाई गई थी। नेत्र सहायक अधिकारी जेआर पटेल ने बताया कि विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की दृष्टिदोष जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर कुल 6 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि बार सेक्टर अंतर्गत अन्य स्कूलों में भी निर्धारित मानकों के अनुसार बच्चों को निःशुल्क चश्मा वितरण की प्रक्रिया जारी है। वहीं सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान के तहत 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सभी गांवों में मोतियाबिंद मरीजों की पहचान भी की गई है, जिन्हें जिला अस्पताल में निःशुल्क उपचार का लाभ मिलेगा। बारनवापारा स्कूल के विद्यार्थियों को चश्मों का वितरण कसडोल जनपद सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण ठाकुर के हाथों किया गया। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी जेआर पटेल सहित विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ भी उपस्थित रहे।



## विधायक ने छात्राओं को वितरित की साइकिल

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर में शुक्रवार को विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरित किया। उन्होंने कहा कि यह योजना छात्राओं की शिक्षा के लिए समर्पित है। उन्होनें संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता के साथ पूरे क्षेत्र का नाम रौशन करें। इस अवसर पर डिगेश्वरी चंद्राकर, हरवंश सिंह, सुनील, राधेश्याम, सोहन, मनोज, गोपी, सुखीराम, लाला, कुमार, राजेश सहित स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद जिला- महासमुंद (छ.ग.)

क्रमांक /438/वा.-1 / अविअ./ 2025

महासमुंद, दिनांक 14/11/2025

ग्राम-फुलवारी, प.ह.नं. 21

श्यामू लोधी पिता दांरका, जाति लोधी निवासी ग्राम घोडारी तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.)

.........आवेदिका

विरूद्ध

छ.ग. शासन ..........अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-फुलवारी, प.ह.नं. 21 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्यामू लोधी पिता दांरका, जाति लोधी निवासी ग्राम फुलवारी तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम फुलवारी, प.ह.नं. 21, तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 197/1, 197/2 रकबा क्रमशः 0.050, 0.050 हेक्टे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.10 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक / आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द

### समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व.) बागबाहरा, जिला-महासमुंद(छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं, मोनिका देवांगन उर्फ अंजु देवांगन, उम्र 38 वर्ष, पति भोजनाथ देवांगन, निवासी-238. थाना पारा, बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करती हूं -

1. यह कि मेरे पुत्र अभिषेक देवांगन (ABHISHEK DEWANGAN) के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी माता अर्थात मेरा घरेलु नाम मोनिका देवांगन (MONIKA DEWANGAN) दर्ज हो गया है।

2. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा वर्तमान प्रचलित नाम अंजु देवांगन (ANJU DEWANGAN) दर्ज है।

3. यह कि मैं मोनिका देवांगन (MONIKA DEWANGAN) उर्फ अंजु देवांगन (ANJU DEWANGAN) दोनों ही नाम से जानी एवं पहचानी जाती हू। उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे स्वयं के ही सत्य एवं वास्तविक नाम हैं।

4. यह कि मैं अपने पुत्र अभिषेक देवांगन के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उसकी माता अर्थात अपना नाम मोनिका देवांगन (MONIKA DEWANGAN) के स्थान पर अंजु देवांगन (ANJU DEWANGAN) परिवर्तित करवाना चाहती हूं।

5. यह कि मोनिका देवांगन (MONIKA DEWANGAN) को अंजु देवांगन (ANJU DEWANGAN) पढ़ा व समझा जावे इसलिये अपने उक्त कथनों के समर्थन में राजपत्र में उक्ताशय के प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र समक्ष प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ता

## प्रतियोगिता : गड़बेड़ा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

# खेल केवल मनोरंजन भर नहीं अनुशासन की नींवः उषा पटेल



**पिथौरा (ग्रामीण)।** सांसद खेल महोत्सव का संकुल स्तरीय शुभारंभ ग्राम गड़बेड़ा में हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर के खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। खेल मैदान में सुबह से ही खिलाड़ियों के उत्साह और सहभागिता का जोश देखने योग्य था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा घृतलहरे रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन भर नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसी पहलें ग्रामीण युवाओं को वह मंच प्रदान कर रही हैं, जिसकी कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा (रिक्की), ग्राम सरपंच बृंदाबाई नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम साहू, भाजपा नेता मनमोहन जैन, किशोर पटेल, उपसरपंच मोहितराम यादव, मंडल मीडिया प्रभारी गौरव चंद्राकर, लोकनाथ नायक, धनौरा सरपंच गिरीश पटेल, घोंच सरपंच पवन साहू, मेहतर प्रजापति सहित ग्राम के पंचगण मंचासीन थे। अतिथियों ने कहा कि आज ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिल रहा है और यह आयोजन भविष्य में जिले तथा राज्य स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा। शुभारंभ के बाद विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक सहित कई स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपने दमखम और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मैदान में मौजूद ग्रामीणों और दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए पूरे समय तालियों से समर्थन किया। आयोजन समिति ने बताया कि संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी आगे विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में भाग लेंगे। कार्यक्रम में सुधीर प्रधान, प्राचार्य नंदकुमार चौधरी, बालाराम दीवान, लोकनाथ सिन्हा, भूषण जोशी, नितेश साहू, गंगाराम चौहान, अनुपमा पीटर, रमेश प्रजापति, महेश पटेल, पुष्पा पटेल, अनीता नायक, अमिता शुक्ला, मेदनी पटेल, तनुजा नागेश, उमाशंकर नायक, लक्ष्मीरानी चौधरी, बबीता डडसेना, दयाराम पटेल, कृष्ण कुमार ठाकुर, नरेश बरिहा, सुलोचना पटेल, लोकनाथ सिन्हा, पवन पटेल, सुशील ओगरे, अनूप गुप्ता, राजकुमार जगत, महासिंह दीवान, शंकर पटेल, रेशम लाल पटेल, योगेश सोनवानी, खामसिंग दीवान, सरजू भोई, होरीलाल रजक, जगतराम दीवान, सजन मिरी आदि मौजूद रहे।

## नेहरू की जयंती मनाने जुटे कांग्रेसजन मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस पर कांग्रेस भवन में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके महान योगदान को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेहरू द्वारा स्वतंत्र भारत की नींव रखे जाने एवं देश के बहुआयामी विकास में उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कहा कि पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत की रूपरेखा तैयार करते हुए लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को राष्ट्र की प्रगति का आधार बनाया। वरिष्ठ कांग्रेसी दाऊ लाल चंद्राकार ने कहा कि नेहरू ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत किया। कार्यक्रम में खिलावन बघेल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ बीज अनुसंधान केंद्र छत्तीसगढ़ शासन, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, पूर्व पार्षद राजेश नेताम, मिंदर चावला, लोकेश चंदन साहू, मनोहर ठाकुर, जावेद चौहान, तबरेज खान, दिनेश दुबे, सुरेंद्र ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, आशीष साहू, बसंत चंद्राकर, तुलसी देवदास, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेसजनों ने कहा कि नेहरू का जीवन देश सेवा, आधुनिकता, समानता और वैज्ञानिक सोच का प्रतीक है। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर नेहरू जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## खबर संक्षेप



### खरोरा प्राथमिक शाला में मनाया गया बाल दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा प्राथमिक शाला में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चाचा नेहरू की प्रतिमा में हार चढ़कर सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुरू किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है, उनकी मुस्कान मासूमियत व सपने ही भारत की ताकत है। यह बच्चे ही भारत के निर्माता है। बच्चे ही वह मिट्टी हैं, जिसमें भविष्य की इमारत बनती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान पाठिका गायत्री चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### बांग्लादेश में कबड्डी स्पर्धा कल से, अंपायर के लिए ओमप्रकाश चयनित

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिरदा के व्यायाम शिक्षक ओम प्रकाश जायसवाल छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के संगठन सचिव, महासमुंद जिला कबड्डी संघ के सचिव एवं जिला के प्रथम वरिष्ठ राष्ट्रीय अंपायर को बांग्लादेश में आयोजित होने वाली द्वितीय महिला वर्ल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता 17 नवंबर से 24 नवंबर तक होना है के लिए अंपायर के रूप में आमंत्रित किया गया है। महिला वर्ल्ड कप कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने वाले महासमुंद के इकलौते अंपायर है इस उपलब्धि का श्रेय जायसवाल ने छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष विमल बघेल एवं महासचिव प्रदीप यादव, पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी तथा पूर्व महासचिव बसंत शर्मा के साथ के इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन के प्रेसिडेंट तेजस्वी सिंह गहलोत, एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट विभोर वी जैन, जनरल सेक्रेटरी जितेंद्र पी ठाकुर व अपने गुरु द्वारका तिवारी, पूर्व महासचिव राम विशाल साहू को दिया।

### ब्लेलाक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**महासमुंद।** ब्लेलॉक उच्च माध्यमिक विद्यालय बाल दिवस पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में गीत कविता, दोहा प्रतियोगिता, विषयवार वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधक डॉक्टर अनीता जी रावटे, वार्ड पार्षद माखन पटेल और पालक समिति के अध्यक्ष विजय सिन्हा मौजूद रहे। बच्चों द्वारा मोबाइल वरदान है या अभिशाप इस विषय की गंभीरता को देखते हुए इस विषय पर वाद-विवाद किया गया। आए हुए अतिथियों द्वारा आज की युग को देखते हुए और बच्चों के जीवन में लगातार किए जा रहे हैं मोबाइल के उपयोग के विषय पर अपने अपने विचार रखें। प्राचार्य कुमुद ठाकुर ने आभार जताया।

## परसुली में केवल इलेक्ट्रानिक कांटा की हुई पूजा



**नर्रा।** प्राथमिक साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र परसुली में 15 नवंबर को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत नहीं हो पाई। प्रथम दिवस इलेक्ट्रानिक कांटा की पूजा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष लोचन पटेल, भाजपा मंडल कोमाखान अध्यक्ष नितिन जैन, जनपद सदस्य लता कुम्हार, चार पंचायत के सरपंच जलसिंह पांडे, यादराम सिन्हा परमेश्वर पटेल ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान पूर्व सरपंच चिंतामणी चंद्राकर, परमेश्वर पटेल, लेखमणी पटेल, देवेंद्र चक्रधारी, भोज चक्रधारी आदि मौजूद रहे। इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के उपार्जन केंद्रों पर खरीदी का बोहनी तक नहीं हो सका।

## कांटा की हुई पूजा, लेकिन बोहनी नहीं हुई



**नर्रा।** छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर शनिवार से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत हो गई है। इसी तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के प्राथमिक साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र नर्रा में 15 नवंबर पहले दिन सिर्फ इलेक्ट्रानिक कांटे की पूजन अर्चन समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष कलाराम नायक ने नारियल तोड़.कर किया गया धान खरीदी की शुरूआत की है। लेकिन, बोहनी तक नहीं हुई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी आरके आर्य, किसान माधव सेन, रज्जन गुप्ता, पुनउ राम ध्रुव, बाल मुकुंद निषाद, दिनेश यादव के अलावा कृषकगण एवं हेमाल मौजूद रहे। समिति के कर्मचारी हड़ताल में चले जाने से व्यवस्था बिगड़ा न तो किसानों का टोकन ही नहीं कटा।

## रमेश ने किया धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ



**महासमुंद।** भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने पिटियाझर मंडी परिसर में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित किसानों, हमालों व समिति कर्मचारियों से कहा कि धान खरीदी उत्सव सहकारी समिति कर्मचारियों सहित किसानों के लिए त्योहार से कम नहीं है। उन्होंने वर्तमान में आंदोलनरत समिति प्रबंधकों व कंप्यूटर ऑपरेटरों से निवेदन करते हुए कहा कि किसान हित व समिति हित को ध्यान में रखते हुए तत्काल धरना समाप्त कर काम पर लौटें।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका सम्मान दिवस पर 14 नवंबर 2025 को आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 10 पिथौरा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष देव सिंह निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी तथा पार्षद रेखा राजू सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

समारोह के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें परियोजना क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रदान किया गया।



परियोजना अंतर्गत कुल 13 सेक्टरों से चयनित कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सम्मानित हुईं।

संजू साहनी, ज्योति साहू, कमलेश्वरी पटेल, ललिता ठाकुर, दीपिका यादव, तिलमोती राय, सौरेंद्री साहू, मीना दास, सविता सागर, गणेशी ठाकुर, बाधवी बोई, अहिल्या प्रधान, नेत्री बरिहा, पूजा रानी सलूजा सहित अन्य। सहायिकाओं में चंद्रमा बरिहा, गायत्री राजपूत, सरिता यादव, धान बाई, सतरूपा जगत, पूर्णिमा कांति परेश्वर, रीता विश्वकर्मा, इतवारीन हेम बाई, जगत सिंधु भोई, रेखा साव और अमृत बाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी रतन तंवर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। मंच संचालन पर्यवेक्षक संगीता साहू ने किया। इस अवसर पर चित्रलेखा साहू, मीना लाल, पिंकी कोसले, विंधेश्वरी कुर्रे, आकांक्षा मिश्रा, पर्यवेक्षक एवं अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–सहायिका भी उपस्थित रहीं।

## सरपंच ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को किया सम्मानित



**बिरकोनी।** ग्राम पंचायत बिरकोनी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच चंदन चंद्राकर ने श्रीफल व छत्तीसगढ़ पारम्परिक साड़ी भेंटकर सभी केंद्र के कार्यकर्ता व सहायिका को सम्मानित किया।

सरपंच ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता-सहायिका बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने का लगातार प्रयास कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गर्भवती, शिशुवती एवं जन्म से 06 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल एवं अनौपचारिक शिक्षा देने में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे है। समाज के इन हितग्राहियों को अपनी सेवा निरंतर अर्पित कर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने मातृ शक्ति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित महतारी वंदन योजना का शत-प्रतिशत सफल क्रियान्वन करने की सराहना की। कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयास से ही मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर एवं कुपोषण की दर में कमी दर्ज की गई है। इस अवसर पर ताम्रध्वज निषाद, डोलू साहू, पवन साहू, हेमराज चंद्राकर, रामाधार यादव, महावीर निषाद, टकेश्वर सेन, जगदीश साहू, गिरधारी पटेल सहित सभी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित थे।

## खुटेरी में बालदिवस पर लगा एफएलएन मेला, बच्चों को कराया न्योता भोज

**अरंड (पिथौरा)।** गत दिनों विद्यालय परिवार खुटेरी में एफएलएन मेला व बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग द्वारा एफएलएन मेला का संयोजन पालेश्वर पटेल, प्रभारी प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी व डोलामणी साहू प्रधानपाठक प्राथमिक विद्यालय खुटेरी द्वारा किया गया। मार्गदर्शन भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव ने किया। बाल दिवस पर पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक के बच्चों ने विभिन्न वेशभूषा में अपने विचार रखें। इस आयोजन के प्रबंधन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेश ध्रुव, शिक्षकगण अभिनंदन नाग, कुमुदिनी बरिहा, अनिता बरिहा आदि का योगदान सराहनीय रहा। इसी कड़ी में स्काउट शिक्षक नरसिंग पटेल ने बच्चों को पेंटिंग व क्रॉफ्ट वर्क का अभ्यास कराकर सबके समक्ष प्रस्तुतिकरण दिए जो प्रेरणादायक रहा। एफएलएन मेला में विभिन्न वेशभूषा से सुसज्जित सरस्वती माता, भारतमाता, छत्तीसगढ़ महतारी, सीताराम की जोड़ी, राधाकृष्ण की जोड़ी, बलराम, यशोदा, हनुमान, शबरी माता, पंडित जवाहरलाल नेहरु, महात्मा गांधी, भगतसिंह, भीमराव अंबेडकर, जवान और किसान के संग पंजाबी एवं दक्षिण भारतीय बनकर मेले का आनंद लेना मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा।



जनप्रतिनिधियों एवं पालकों में प्रमुख रूप से सरपंच सुशीला मांझी, पंच मंजू ठाकुर, पालकगण दशरथ साहू, महेश ध्रुव अध्यक्ष, हंसराज निषाद चैनसिंह, रामेश्वर ध्रुव, नेतराम सिन्हा, कौशल यादव, पालूराम पटेल, सेतराम पटेल, भोजराम ध्रुव, श्याम, लक्ष्मी लाल ठाकुर, लेखराम ध्रुव, पीताम्बर पटेल, संजय पटेल, रेखा बरिहा, गंगा ध्रुव, गैंदी ध्रुव, कीर्ति यादव आदि ने मेले का अवलोकन कर आधारभूत पठन कौशल व संख्या ज्ञान प्राप्त करने के ध्येय वाक्य करके देखबो, सीख के रहिबो के उद्देश्य की तारीफ़ की। बाल दिवस पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को खीर, जलेबी और केला परोसा गया। खेलकूद में कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, कबड्डी के आयोजन और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम हुआ।

# कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष ने ली कृषि एवं समवर्गी विभागों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी ने जिले के कृषि विज्ञान केंद्र भलेसर में कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की एवं कृषकों को ज्यादा से ज्यादा योजना का लाभ प्राप्त हो सके, इस संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। कृषि विभाग में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत गोदाम निर्माण को पुनः प्रारंभ करने के लिए शासन से पत्राचार करने के संबंध में निर्देश दिये एवं रबी में रागी, दलहन, तिलहन फसलों के समर्थन मूल्य पर खरीदी उचित व्यवस्था करने निर्देश दिए। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत पैक हाउस निर्माण योजना को पुनः प्रारंभ करने शासन से पत्राचार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। चंद्रवंशी ने कहा कि विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ कृषकों तक अनिवार्यतः पहुंचे उन्होने कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित बटेर पालन योजना एवं अजोला टेंक का भी निरीक्षण किया। बैठक में उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक, आरएल शर्मा, सहायक संचालक उद्यानिकी पायल साव, मत्स्य अधिकारी एलआर साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कोसरे एवं जिले के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

# मुड़पार में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम मुड़पार नवाडीही में प्रति वर्ष के भांति इस बार भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर शनिवार को मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच कौशिल्या पटेल रही। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बिरसा मुंडा की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन किया गया। इस अवसर पर सरपंच पटेल ने आदिवासी समाज को संबोधित कर भगवान बिरसा मुंडा की इतिहास के बारे में प्रकाश डाला।



उन्होंने कहा कि 15 नवंबर 1875 उनके जन्म से जुड़ा है, जिन्होंने आदिवासियों के शोषण और ब्रिटिश नीतियों के खिलाफ संघर्ष किया था। इस साल के 15 नवंबर को जयंती मनाई जाती है, उन्हें धरती आबा धरती के पिता और और भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राम कली ध्रुव, कृष्ण महानंद, सहयिका रेवती यादव इत्यादि का सरपंच द्वारा शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, पूर्व सरपंच पुनऊराम ध्रुव, डीकुमार चौरे, बृजलाल ठाकुर, पोखन महानंद, बलदेव नियाल, पंचायत सचिव कृष्ण पटेल समेत समाज के महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।





## जिले में बड़ौदा किसान पखवाड़ा के 8वें संस्करण का आयोजन किया

**महासमुंद।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आत्मनिर्भरता की ओर थीम के तहत 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 8वें संस्करण के एक भाग के रूप में महासमुंद जिला, छत्तीसगढ़में एक विशाल किसान मेले का आयोजन किया। 03 से 15 नवंबर 2025 तक चलने वाली यह वार्षिक पहल, जागरूकता, समावेश और नवाचार के माध्यम से भारत के कृषि और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में उनकी यात्रा में सहयोग प्रदान करने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# धान खरीदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं, पिछले वर्ष 9 हजार किसान हुए थे वंचित : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने 14 नवंबर को आयोजित साय केबिनेट की बैठक में हड़ताली सहकारी कर्मचारियों की मांगों पर विचार नहीं किए जाने तथा एस्मा लागू कर कर्मचारियों को बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई को दमनकारी व तानाशाही पूर्ण कार्रवाई बताया है। चंद्राकर ने कहा कि शासन ने धान खरीदी को आवश्यक श्रेणी में शामिल किया है, लेकिन इस आवश्यक कार्य को सफलता पूर्वक अंजाम देने वाले



इन कर्मचारियों को हासिए पर रख दिया है, सरकार मनमानी पूर्ण कार्रवाई करते हुए कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही है।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत सरकार बनने के 100 दिन के भीतर इन कर्मचारियों की सभी मांगे पूर्ण करने का वादा किया था। कर्मचारियों की कोई अतिरिक्त मांग नहीं है, वे केवल वही मांग रहे हैं जो भाजपा ने देने का वादा किया। अब 2 साल बीतने को है लेकिन कर्मचारियों की एक भी मांगे पूरी नहीं की गई। हजारों कर्मचारी 15 दिन से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों में जूँ तक नहीं रेंग रही।



## संगोष्ठी में शामिल हुए निगम अध्यक्ष

**महासमुंद।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सभागार रायपुर में प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका रहे। अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (राज्यमंत्री, छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर संगोष्ठी में आयोजित किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती करने प्रेरित किया गया।





## देवरी स्कूल में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

**महासमुंद।** बागबाहरा विखं के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने जनजातीय गौरव दिवस का वाचन किया और बताया कि आज भगवान बिरसा मुंडा का जन्म दिवस है। इनके द्वारा विदेशी संस्कृति के विरूद्ध उलगुलान कार्यक्रम चलाया गया था। कार्यक्रम में मिथलेश ठाकुर, हंसलाल ठाकुर, कमल ठाकुर, फिजा ठाकुर, सुनीता ठाकुर, संगीता पटेल, कंचन देवांगन, ईशा चक्रधारी, लक्ष्मी निषाद द्वारा आदिवासी परिधान में अपने संस्कृति की झलक और आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी। आदिवासी समाज के व्याख्यातागण भोजराम ध्रुव, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष यादव ने भी गौरव दिवस पर अपने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने बताया कि बिरसा मुंडा ने अपने समाज की सांस्कृतिक विरासत को बचाने का प्रयास किया। इस अवसर में व्याख्याता संजय बारसागढ़े, आनन्द राम व्यौहार, नीलू सोनी, रविप्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर भारतीय, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर महाविद्यालय में कराया गया मुख्यमंत्री की पाती का वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बिरसा मुंडी की वीरगाथा व जीवनी को बताया गया

जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री की पाती का कार्यक्रम महाविद्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके वीरगाथा एवं जीवनी के बारे में छात्र-छात्राओं को बतलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करूणा दुबे प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में



छत्तीसगढ़ राज्य आदिकाल से ही जनजातियों का घर रहा है। यहां हल्बा, मुरिया, माड़िया, बिंझवार, गोंड जैसे कई जनजातीय समुदायों द्वारा विभिन्न आंदोलनों के जरिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव को मजबूत किया गया था। हमारा राज्य 1857 की महान क्रांति के नायक शहीद वीर नारायण सिंह, बस्तर भूमकाल विद्रोह के जननायक गुंडाधूर, जंगल सत्याग्रही शहीद रामाधीन गोंड एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शौर्य एवं गौरव के बारे में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्यमंत्री की पाती का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन मनबोध चौहान, संयोजक अनुसूचित जाति जनजाति समिति एवं आभार प्रदर्शन अजय कुमार राजा, विभागाध्यक्ष वाणिज्य द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ मालती तिवारी, प्रदीप कन्हेर, डॉ जगदीश सत्यम, मनीषा प्रधान, परवीन करीम, डॉ कलम रेखा, अंकिता साहू, राकेश जॉगड़े उपस्थित रहे।

